HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - कपूरपुर **दिनांक 24.01.2025**

" स्वाट टीम व थाना कपूरपुर पुलिस ने गुमशुदा बलबीर हत्याकांड का किया खुलासा "

- **स्वाट टीम व थाना कपूरपुर पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर गुमशुदा बलवीर हत्याकांड का सफल अनावरण करते हुए 02 हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार ।**
- **जिनके कब्जे/निशानदेही से मृतक का मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक सफेद गमछा एवं एक अन्य मोबाइल फोन बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त रोहताश ने योजनाबद्ध तरीके से अपने सगे भाई सोनू व अन्य सहभियुक्तों के साथ मिलकर उधार के करीब 25 लाख रुपये हड़पने के उद्देश्य से की थी बलवीर की हत्या।**

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 19-01-2024 को थाना कपूरपुर क्षेत्र के ग्राम पारपा निवासी बलवीर सिंह पुत्र श्री मदनपाल सिंह (उम्र करीब 52 वर्ष) अपने घर से प्लेटिना मोटरसाइकिल से गुलावठी जाने की कहकर गए थे, जो लापता चल रहे थे जिसके संबंध में थाना कपुरपुर पर गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा बलवीर को खोजने के सार्थक प्रयास किए जा रहे थे। दिनांक 20-1-2025 को गुमशुदा बलबीर की मोटरसाइकिल थाना धौलाना क्षेत्रान्तर्गत लावारिस हालत में मिली थी।

उक्त प्रकरण के संबंध में थाना कपूरपुर पर मु0अ0सं 13/2025 धारा 140(3) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया तथा घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी/अनावरण करने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कई टीमें गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। दिनांक 23-01-2025 को गुमशुदा बलवीर का शव थाना धौलाना क्षेत्रांतर्गत बम्बे से बरामद होने के पश्चात मुकदमा उपरोक्त को धारा 140(1), 103, 238,3(5) बीएनएस में तरमीम किया गया एवं जांच/छानबीन से घटना में संलिप्त अभियुक्त रोहताश, सोनू, सतीश, साजिद के नाम प्रकाश में आये।

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत स्वाट टीम व थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा थाना कपूरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 13/25 धारा 140(1), 103, 238,3(5) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 02 हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे/निशानदेही से मृतक का मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक सफेद गमछा एवं अन्य मोबाइल फोन बराबद हुआ है।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का स्थानः- सालेपुर नहर पुलिया के पास, **दिनांकः-** 24.01.2025 ।

पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि रोहताश द्वारा मृतक बलवीर से करीब 25 लाख रुपये उधार ले रखे थे जिनका बलवीर बार-बार तकादा कर रहा था, इसलिए रोहताश द्वारा अपने सगे भाई सोनू व अन्य सहभियुक्तों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से बलवीर का अपहरण करके उसी के गमछे से गला घोटकर हत्या की गयी थी तथा बलवीर के शव को थाना धौलाना क्षेत्रांतर्गत बम्बे में फेक दिया था। अभियुक्त साजिद, रोहताश की दुकान पर काम करता है और रोहताश ने साजिद को ई-रिक्शा खरीदकर दी थी जिसका कोई पैसा रोहताश ने नहीं लिया था तथा इसी एहसान को चुकाने के लिये साजिद ने बलवीर की हत्या करने में रोहताश का साथ दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1- रोहताश पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम पारपा थाना कपूरपुर जनपद हापुड़।

2- साजिद पुत्र शाकिर निवासी ग्राम मिट्ठेपुर थाना गुलावठी जनपद हापुड़।

बरामदगी का विवरणः-

1. मृतक का रियलमी मोबाइल फोन।
2. घटना में प्रयुक्त सैमसंग मोबाइल फोन व एक सफेद गमछा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

जनपदीय स्वाट टीम-

1. निरीक्षक श्री पटनीश कुमार प्रभारी स्वाट टीम हापुड।
2. उ0नि0 श्री नसीम खाँ स्वाट टीम जनपद हापुड़।
3. उ0नि0 श्री पारस मलिक स्वाट टीम जनपद हापुड़।
4. है0का0 संजीव कुमार स्वाट टीम जनपद हापुड़।
5. है0का0 नीरज त्यागी स्वाट टीम जनपद हापुड़।
6. है0का0 राजीव कुमार स्वाट टीम जनपद हापुड़।
7. है0का0 विशाल चौहान स्वाट टीम जनपद हापुड़।
8. है0का0 विनीत धामा स्वाट टीम जनपद हापुड़।
9. है0का0 कुलदीप कुमार स्वाट टीम जनपद हापुड़।
10. है0का0 नीरज राठी स्वाट टीम जनपद हापुड़।
11. है0का0 अमित कुमार स्वाट टीम जनपद हापुड़।
12. है0का0 सोनू बालियान स्वाट टीम जनपद हापुड़।
13. है0का0 प्रबलि तोमर स्वाट टीम जनपद हापुड़।
14. है0का0 राहुल बालियान स्वाट टीम जनपद हापुड़।

थाना कपूरपुर पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री अवनीश कुमार शर्मा थाना कपूरपुर जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 अजय कुमार थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
3. उ0नि0 सौरभ गंगवार थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
4. है0का0 500 अरशद रजा थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
5. है0का0 661 अंकित चौधरी थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
6. है0का0 668 विकास चौहान थाना कपूरपुर जनपद हापुड।